हमारा दून

संक्षिप्त समाचार

भाजपा कार्यकर्ताओं ने दून विहार में चलाया स्वच्छता अभियान

संवाददाता देहरादून। मसूरी विधायक गणेश जोशी के 62वें जन्म दिवस (31 जनवरी) को भारतीय जनता पार्टी मसूरी के कार्यकर्ताओं के द्वारा सेवा एवं स्वच्छता सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। शनिवार को इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए कार्यकर्ताओं ने देहरादून के वार्ड 06 दून विहार में स्वच्छता अभियान चलाया। भाजपा मण्डल अध्यक्ष पूनम नौटियाल की अगुवाई में यह स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान बापूनगर, विवेक विहार एवं अन्य स्थानों पर सफाई अभियान चलाया गया।

जनहित में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारना जरूरीः जोशी

संवाददाता देहरादून। शहर के बीचों–बीच घंटाघर के एक किलोमीटर के दायरे में बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए खुद डीआईजी अरुण मोहन जोशी अपने पूरे तंत्र के साथ सड़क पर उतर कर व्यवस्था बनाने में जुटे हैं। घंटाघर के आसपास मुख्य मार्गों पर वन–वे ट्रैफिक लागू करने को लेकर शनिवार सुबह व्यापारियों ने विरोध में दुकानें बंद कर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोला। इसी के चलते पुलिस का पूरा फोकस दून की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारना पर है।

मुख्यमंत्री ने अध्ययन रिपोर्ट की शीघ्र डीपीआर तैयार करने के दिए निर्देश

निर्देश

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शनिवार को सचिवालय स्थित वीरचन्द्र सिंह गढ़वाली सभागार में रिस्पना को ऋषिपर्णा नदी के स्वरूप में लाने के लिये किये जा रहे प्रयासों की समीक्षा की। उन्होंने इस सम्बन्ध में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी (एन.आई.एच), रूड़की द्वारा रिस्पना नदी के सम्पूर्ण क्षेत्र की भूमि व जल संवर्धन से सम्बन्धित विस्तृत प्रस्तुतिकरण का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनआईएच रुड़की द्वारा तैयार की गई इस विस्तृत अध्ययन रिपोर्ट के आधार पर शीघ्र डीपीआर तैयार की जाए, ताकि अगले माह तक इसकी निविदा प्रकाशित कर कार्य प्रारम्भ किया जा सके। मुख्यमंत्री ने इस सम्बन्ध में सभी सम्बन्धित विभागों की संयुक्त बैठक भी आयोजित किये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि रिस्पना का पुनर्जीवीकरण देहरादून शहरवासियों के व्यापक हित से जुडा विषय भी है। इसमें देहरादून के पर्यावरण को संरक्षित करने में मदद मिलेगी तथा भविष्य में जल संकट के समाधान की भी राह प्रशस्त हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रारम्भिक चरण में रिस्पना एवं कोसी नदी को पुनर्जीवित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद अन्य नदियों को भी पुनर्जीवित किया जायेगा। आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखने के लिए जल संरक्षण की दिशा में विशेष प्रयासों की उन्होंने जरूरत बतायी। जल संरक्षण के लिए वृक्षारोपण करना जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दून शहर के मध्य से गुजरती हुयी रिस्पना नदी का देहरादून के साथ एक अनूठा रिश्ता भी है। मिशन ऋषिपर्णा देहरादून वासियों के पास एक मौका है इस नदी को उसके पुराने अविरल स्वरूप में वापस लाने का। शहर के संतुलित विकास हेतु समय की मांग है कि रिस्पना को पुनर्जीवित किया जाए। हमारे वर्तमान और भविष्य को सुरक्षित करने के लिए यह आवश्यक पहल भी है। उन्होंने कहा कि रिस्पना के उद्गम क्षेत्र में किये गये व्यापक वृक्षारोपण से हरियाली होगी और भूजल स्तर में भी वृद्धि होगी। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी, रूड़की की अध्ययन रिपोर्ट में बताया गया है रिस्पना नदी क्षेत्र के 53.45 कि0मी0 केचमेंट एरिया के इस क्षेत्र में 19, छोटे चौक डेम तैयार किये जायेंगे। जल की गुणवत्ता के लिये बेहतर उपचार की व्यवस्था के साथ ही तालाबों के निर्माण एवं सतही जल के प्रबन्धन पर ध्यान दिया जाना होगा। इस क्षेत्र में वाटर हारवेस्टिंग पर ध्यान देने, नदी क्षेत्र के आस पास एसटीपी के निर्माण के साथ ही सौंग बांध से भी इसमे जल उपलब्धता की बात कही गई है।

इस अवसर पर विधायक हरबंश कपूर, गणेश जोशी, खजान दास, मेयर सुनील उनियाल गामा, मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव ओम प्रकाश, सचिव भूपिन्दर कौर औलख सहित एनआईएच एवं सिंचाई विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

एनआईएच रुड़की ने मुख्यमंत्री को सौंपी रिस्पना नदी के पनर्जीवीकरण की अध्ययन रिपोर्ट

रिस्पना नदी के पनर्जीवीकरण की अध्ययन रिपोर्ट का अवलोकन करते सीएम।

सीएम ने किया एसडीआरएफ एप्प 'मेरी यात्रा' लांच

संवाददाता देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शनिवार को आपदा प्रबंधन विभाग के सौजन्य से एसडीआरएफ द्वारा निर्मित एप्प 'मेरी यात्रा' का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि एसडीआरएफ द्वारा आपदा प्रबंधन एवं यात्रियों की सुविधा की दृष्टि से उत्कृष्ट एप्प बनाया गया है। आज के आईटी युग में लोगों को ऑनलाइन सम्पूर्ण जानकारी की मांग होती है। उन्होंने कहा कि इस एप्प में उत्तराखण्ड के विशिष्ट स्थानों के बारे में भी जानकारी दी जाय। उन्होंने कहा कि यह एप उत्तराखण्ड में पर्यटन क्षेत्रों की जानकारी एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित जानकारियों का अपडेट मिलेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।

ST. THOMAS' COLLEGE
1916
BUILD YE HIGH AND BUILD YE TRUE
DEHRA DUN

Thousand salutes to those patriots who gave us the opportunity to celebrate the REPUBLIC DAY

Principal, Staff & Students
St. Thomas' College, Dehradun